यौन उत्पीड़न निवारण अधिनियम-2013 के संबंध में पीआरएल-आइसीसी द्‌वारा आयोजित कार्यक्रम

Program organized by PRL-ICC regarding Prevention of Sexual Harassment Act-PoSH 2013

भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद में आंतरिक शिकायत समिति द्‌वारा दिनांक 11 दिसम्बर, 2023 को Prevention of Sexual Harassment Act-2013 के ऐतिहासिक फैसले और उसके 10 वर्ष पूरे होने पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पीआरएल-आइसीसी अध्यक्ष डॉ. शीतल पटेल के भाषण के साथ हुआ जिन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी सदस्यों को PoSH अधिनियम -2013 के बारे में बताया। इसके बाद प्रो. अनिल भारद्‌वाज, निदेशक, पीआरएल ने स्वागत भाषण दिया एवं कार्यक्षेत्र का माहौल भयमुक्त एवं सभी कर्मचारियों के अनुकूल बनाए रखने के प्रति जागरूक किया। प्रो. आर.डी. देशपांडे, रजिस्ट्रार पीआरएल, ने सभी सदस्यों को आइसीसी के महत्व से परिचित करवाया। इस कार्यक्रम में उदयपुर सौर वेधशाला, उदयपुर व अवरक्त वेधशाला, आबू पर्वत के सदस्य भी ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुये। इस कार्यक्रम की प्रमुख वक्ता PoSH ट्रेनर विशेषज्ञ, डॉ. कृष्णा बिपिन मेहता थीं जिनका परिचय प्रो. सोम कुमार शर्मा ने करवाया। डॉ. कृष्णा मेहता ने कार्यस्थल पर महिला कर्मचारियों के साथ होने वाली अभद्रताओं एवं इसके विरुद्‌ध शिकायत के लिए बनायी गयी आंतरिक शिकायत समिति के बारे में बताया। यह आंतरिक शिकायत समिति उन सभी कार्यालयों में बनायी जानी आवश्यक है जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्य करते हैं। इसके अतिरिक्त कार्यस्थल पर PoSH अधिनियम और आइसीसी पर जागरूकता के बारे में ऑडियो प्ले के माध्यम से सभी सदस्यों को जागरूक किया गया। निदेशक, पीआरएल द्‌वारा डॉ. कृष्णा मेहता को स्मृति-चिह्न भेंट किया गया। पीआरएल की आंतरिक शिकायत समिति द्‌वारा दिनांक 09 अक्टूबर 2023 को एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई थी जिसके विजेता सदस्यों को निदेशक महोदय के कर-कमलों द्‌वारा प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मेघा भट्‌ट द्‌वारा किया गया।

A program was organized by the Internal Complaints Committee at Physical Research Laboratory, Ahmedabad on 11th December, 2023 to mark the historic judgement of Prevention of Sexual Harassment Act-PoSH 2013 and its 10th anniversary. The program started with the speech of Chair, ICC, Dr. Shital Patel who informed all the members about PoSH Act-2013. After this, Director, PRL, Prof. Anil Bhardwaj delivered the welcome speech and made everyone aware about keeping the workplace environment fear-free and friendly to all the employees. Prof. R.D. Deshpande, Registrar PRL, addressed all the members about the importance of ICC at workplace. Members of Udaipur Solar Observatory, Udaipur and Infrared Observatory, Mount Abu also participated in this program through online medium. The Speaker of this program was expert PoSH trainer Dr. Krishna Bipin Mehta who was introduced by Prof. Som Kumar Sharma. Dr. Krishna Mehta spoke about the sexual harassment at workplace and the Internal Complaints Committee formed to report such incidents. This Internal Complaints Committee is to be mandatorily formed in all those offices where 10 or more than 10 employees work. Apart from this, an audio play was displayed about awareness on PoSH Act and ICC at the workplace. A memento was presented to Dr. Krishna Mehta by Director, PRL. An online quiz was organized by the Internal Complaints Committee of PRL on 09 October 2023, certificates were distributed to the winning members by Director, PRL. The vote of thanks for the program was done by Dr. Megha Bhatt.

क्रमांक Sr.no.	नाम Name	पुरस्कार Prize	प्रभाग Division
1.	सुश्री सना अहमद Ms. Sana Ahmed	प्रथम First	पी.एस.डी.एन. PSDN
2.	श्रीमती सृष्टि शर्मा Smt. Srishti Sharma	द्वितीय Second	सी.एन.आइ.टी. CNIT
3.	श्रीमती अमी पटेल Smt. Amee Patel	द्वितीय Second	लेखा Accounts
4.	सुश्री चित्रा राघवन Ms. Chithra Raghavan	तृतीय Third	एस.पी.ए.एस.सी. SPASC
5.	श्री संदीप बी. मंगलानी Mr. Sandeep B. Manglani	तृतीय Third	निदेशक कार्यालय Director Office
6.	सुश्री ज्योति लिम्बात Ms. Jyoti Limbat	तृतीय Third	रजिस्ट्रार कार्यालय Registrar Office

आइसीसी द्वारा आयोजित ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी के विजेता Winners of online quiz organized by ICC

कार्यक्रम की झलकियां Glimpses of the Program